# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 09.12.2025 प्रसारण समय : 19:20 बज

---

मुख्य समाचार :–

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उत्तर प्रदेश सहित देश भर के शिल्पकारों को वर्ष 2023 और 2024 के लिए प्रदान किए राष्ट्रीय हस्त शिल्प पुरस्कार : कहा– हस्तशिल्प केवल सांस्कृतिक पहचान नहीं, बल्कि लोगों की आजीविका का एक महत्वपूर्ण घटक भी।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के सैनिक स्कूल में सीडीएस जनरल बिपिन रावत ऑडिटोरियम का किया उद्घाटन : कहा– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंचप्रणों को जीवन के मंत्र के तौर पर अपनाएं नागरिक।
3. प्रदेश भर में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत गणना चरण के दौरान 97 प्रतिशत से अधिक डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा– पात्र मतदाता का नाम जोड़ना ही सरकार की प्राथमिकता।

और

4. काशी तमिल संगमम के आठवें दिन वाराणसी के नमो घाट पर सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन : केंद्रीय संचार ब्यूरो की प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र।

————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में 2023 और 2024 के लिए राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार प्रदान किए। पुरस्कारों में लखनऊ की माधुरी मिश्रा को शिल्प गुरु पुरस्कार–2023 वाराणसी के इम्तियाज अहमद को नेशनल अवार्ड–2023 और सहारनपुर के मोहम्मद दिलशाद को शिल्प गुरु पुरस्कार–2024 से सम्मानित किया गया । इस अवसर पर राष्ट्रपति ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि कला लोगों को विभिन्न संस्कृतियों और एक–दूसरे से जोड़ती है। बाइट...

*हस्तशिल्पी को प्रायः परंपरा से जोड़ा जाता है। मुझे बहुत प्रसन्नता है कि आज जहां एक तरफ विलुप्त हो रहे कलाओं के संरक्षण और जनजातीय कलाओं के प्रोत्साहन के लिए तो वही दूसरी और डिजाइनिंग इनोवेशन और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए भी पुरस्कार दिया गया है।*

वाराणसी के इम्तियाज अहमद ने कहा कि उनके परिवार में यह परंपरागत कार्य होता चला आया है जिसकी विरासत को वह आगे बढ़ा रहे हैं इसके लिए वह सरकार का भी धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। सहारनपुर के मोहम्मद दिलशाद को शीशम की लकड़ी पर नक्काशी के लिए शिल्प गुरु पुरस्कार–2024 से सम्मानित किया गया है उन्होने इसके लिए सरकार का धन्यवाद देते हुए कहा ये कार्य कई पीढ़ियों से उनके यहां होता आया है।

बाइट...

*हमारा कार्य वुडकार्विंग हैंडीक्राफ्ट है, जिसमें मैं पहले भी 1997 में नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया था और उसके बाद उत्तर प्रदेश के लोकमत सम्मान से 2017 में सम्मानित किया गया हूं और यह काम हमारा लकड़ी का वुडकार्विंग हैंडीक्राफ्ट का कहलाता है जो कि हमारी पुश्तैनी कार्य का काम है यह। हमारे पुश्तों से होता आ रहा है और हम भी इसी काम में लगे हुए हैं।*

लखनऊ की माधुरी मिश्रा ने भी सम्मानित किए जाने के लिए सरकार का आभार जताया है।

बाइट....

*मेरा ड्राफ्ट बाटी प्रिंटिंग है, उसमें मेरा स्पेशलाइजेशन है। इस समय बहुत मेहनत के बाद इस मुकाम पर पहुंची हूं कि आज मुझे इतना बड़ा सम्मान मिल रहा है। मैं मोदी सरकार की बहुत ही बहुत आभारी हूं, जिन्होंने इतनी ट्रांसपेरेंसी से सबका सिलेक्शन किया और आज हम लोगों को इस सम्मान का अधिकार दिया।*

————————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश का कल्याण तभी होगा जब भेदभाव नहीं होगा, सब में एकता होगी। श्री योगी आज सैनिक स्कूल गोरखपुर में देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ सीडीएस जनरल बिपिन रावत के नाम पर बने एक हजार से अधिक की क्षमता के ऑडिटोरियम के उद्‌घाटन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनरल बिपिन रावत की प्रतिमा का भी अनावरण किया । मुख्यमंत्री ने जनरल बिपिन रावत के जीवन पर आधारित एक पुस्तिका का भी विमोचन किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जनरल बिपिन रावत के व्यक्तित्व और राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा को याद किया तथा देश के समसामयिक हालात पर भी चर्चा

करते हुए विकसित भारत बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिलाए गए पंच प्रणों को अपनाने की अपील की। बाइट....

*एक सच्चा भारतीय वह होगा, जो चाहता होगा कि मेरा देश आत्मनिर्भर हो, मेरा देश विकसित भारत हो, मेरा देश सुरक्षित भारत हो, अगर सुरक्षित और आत्मनिर्भर भारत सुरक्षित भारत की संकल्पना को पूरा करना है, इसके लिए क्या करना है? उन्होंने कहा, पंच प्रण पांच प्रण हर व्यक्ति को मानने पड़ेंगे, अपने जीवन का हिस्सा बनाना पड़ेगा।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज आज जनपद गोरखपुर में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई के भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार का संकल्प है कि नौजवानों को स्थानीय स्तर पर ही नौकरी मिले। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से विकास अंतिम पायदान तक पहुंचा है। बाइट...

*विकास अब गांव तक भी पहुंचा है। अंतिम पायदान पर जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने कहा था कि आर्थिक विकास का मापक बड़ी हवेली नहीं होती है। उसका मानक अंतिम पैदान पर पहुंचे हुए विकास की योजनाएं होंगी और यह डबल इंजन सरकार के कारण गांव–गांव तक पहुंचा हुआ विकास आज इस बात को प्रदर्शित करता है।*

——————————

प्रदेश के पशु धन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गोशालाओं के आर्थिक स्वालम्बन के लिए आवश्यक है कि गोवंश पूरी तरह स्वस्थ रहे। गोवंश के भरण पोषण का विशेष ध्यान रखा

जाए और उसके स्वास्थ्य की पूरी निगरानी पशुचिकित्साधिकारी द्वारा की जाए। राज्य सरकार द्वारा निराश्रित गोवंश के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया जा रहा है। श्री सिंह ने आज लखनऊ में पशुधन विभाग एवं दुग्ध विकास विभाग की बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ  पर भी सुन सकते हैं।

————————

प्रदेश भर में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में गणना चरण के दौरान 97 दशमलव तीन प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अभी तक लगभग 17 दशमलव सात प्रतिशत गणना प्रपत्र अनकलेक्टेबल हैं तथा 30 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग शेष है। उन्होंने मृत तथा शिफ्टेड एवं अनुपस्थित मतदाताओं के सत्यापन के लिए राजनैतिक

दलों से सहयोग की अपील की। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज रायबरेली में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ एसआईआर को लेकर बैठक की। उन्होंने कहा कि पात्र मतदाता का नाम सूची में जुड़े यही सरकार की प्राथमिकता है। बाइट....

*ऐसे मतदाता जो मृतक हो गए हैं, उनका नाम डिलीट किया जाए। ऐसे मतदाता जो येन केन प्रकारेण नाम दर्ज करा लिए हैं जैसे कम उम्र के हैं। इसके अलावा फार्म 6, 7, 8 को भी जब मतदाता सूची प्रकाशित हो जाएगी उसके बाद हम लोग इस प्रक्रिया को और तेजी लाने का काम करेंगे।*

———————————

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आज अयोध्या में अधिकारियों के साथ धान खरीद को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने निदंश दिए कि जनपद में धान की खरीद बढ़ाई जाए । उन्होंने बताया कि रबी की फसल का समय शुरू हो चुका है, ऐसे में सभी साधन सहकारी समितियों को निर्देश जारी किए गए हैं कि हर केंद्र पर यूरिया खाद उचित मात्रा में उपलब्ध रहे। बाइट....

*धान के खरीद की समीक्षा किया है कि धान की खरीद बढ़ाई जाए। यूरिया के लिए समय आ गया है इसलिए सभी साधन सहकारी समितियों पर विक्रय केंद्रों पर यूरिया उपलब्ध रहे। नहरों की सिंचाई का काम पूरा होने की स्थिति में है जिससे जहां पर नहरें हैं, वहां पर पानी की आपूर्ति समय से उनको हो सके इस बात के लिए मैंने जिला प्रशासन को बोला है।*

श्री शाही ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ एसआईआर को लेकर भी बैठक की और संगठनात्मक जानकारी ली।

———————————

काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण के अंतर्गत आज आठवें दिन वाराणसी के नमो घाट पर उत्तर मध्य क्षेत्र सांसकृतिक केंद्र प्रयागराज और दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र तंजावुर की तरफ से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें तमिलनाडु और काशी के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। इसी क्रम में नमो घाट पर ही एक विशेष सांस्कृतिक शैक्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तर और दक्षिण भारत की भाषाओं एवं संस्कृतियों को जोड़ना था। तमिलनाडु से आए प्रतिनिधियों और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में एनसीसी छात्रों ने तमिल भाषा के कुछ महत्वपूर्ण शब्द एवं वाक्यों का अभ्यास किया। छात्रों ने कहा कि यह आयोजन 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूत करता है। उधर, तमिलनाडु से आए कृषि समूह ने  वाराणसी के हनुमान घाट पर गंगा स्नान कर पूजन अर्चन किया। इस दौरान वहां मौजूद आचार्यों ने समूह को गंगा के विभिन्न घाटों के इतिहास के बारे में बताया। वहीं केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

———————

कौशांबी जिले के सिराथू तहसील स्थित कड़ा धाम की कुबरी घाट परियोजना श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए लगभग तैयार है। इसके विकास पर करीब दो करोड़ 41 लाख रुपए की लागत आई है। प्रदेश के पर्यटन एवं

संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इक्यावन शक्ति पीठों में से एक मां शोतला धाम मंदिर श्रद्धालुओं के प्रमुख आस्था का केंद्र है। यह विकास कार्य उसी श्रद्धा और सुविधा को समर्पित है।

——————————